दिन– शुक्रवार  दिनांक– 23 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।  अवधिः– 15 मिनट

---

01. रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव आज मुंगेर के जमालपुर रेल वर्कशॉप की क्षमता वर्धन के लिए वैगन पीरियोडिक ओवरहालिंग का शिलान्यास करेंगे।

02. केन्द्र सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए आवास आवंटन में चार प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की।

03. चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज उत्तर और दक्षिण बिहार में कई जगहों पर आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

04. और, बिहार के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर नाईनटीन क्रिकेट टीम में शामिल।

————————————————————————

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव दो दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। श्री वैष्णव आज मुंगेर के जमालपुर रेल वर्कशॉप का दौरा करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

रेल मंत्री मुंगेर के जमालपुर रेल वर्कशॉप में इसकी क्षमता वर्धन के लिए वैगन पीरियोडिक ओवरहालिंग का शिलान्यास करेंगे। इस पर लगभग उनासी करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस सुविधा के शुरू हो जाने से जमालपुर वर्कशॉप में रख रखाव की क्षमता बढ़कर आठ सौ हो जाएगी। जमालपुर रेल कारखाना एशिया के पुराने रेल कारखानों में शामिल है। इसकी स्थापना अठारह सौ बासठ में हुई थी। रेलमंत्री जमालपुर रेल स्टेशन का निरीक्षण और यात्री सुविधाओं का जायजा भी लेंगे। वे रेलवे के अधिकारियों के प्रशिक्षण, मेकैनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ मेकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का भी भ्रमण करेंगे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री और मुंगेर के सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी उपस्थित रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

इससे पहले श्री वैष्णव कल रात अपने बिहार दौरे के क्रम में पटना पहुंचे। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए आवास आवंटन में चार प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की है। यह निर्णय सार्वजनिक सेवाओं में समानता, सम्मान और पहुंच की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रत्येक नागरिक के सशक्तीकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और एक समावेशी और सुलभ भारत की नींव को भी मजबूत बनाती है।

———————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ– संशोधन अधिनियम दो हजार पच्चीस को चुनौती देने वाली याचिका पर अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ए. जे. मसीह की पीठ ने तीन दिनों तक मामले की सुनवाई की। बहस के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वक्फ के पंजीकरण की आवश्यकता उन्नीस सौ तेईस और उन्नीस सौ चौवन के पिछले कानूनों के अन्तर्गत रही है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने कुल इकसठ डीएसपी का तबादला किया है। इसमें अट्ठाईस परीक्ष्यमान डीएसपी भी शामिल हैं। गृह विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। इधर, पुलिस मुख्यालय ने चार सौ बयासी दारोगा, तीन सौ छियासी एएसआई और एक हजार सात सौ सतहत्तर हवलदार का स्थानांतरण किया है। इन सभी पुलिसकर्मियों को एक जून से नई जगह योगदान करने के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने राज्य के उन्नीस हजार आठ सौ अट्ठावन सिपाहियों के सामूहिक तबादले पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति राजेश वर्मा की एकल पीठ ने इस संबंध में दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुये राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

सहकारिता विभाग ने राज्य के सभी प्राथमिक कृषि साख समितियों, पैक्स में बीस जून को वार्षिक आमसभा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। विभाग ने इस संबंध में पैक्स के स्तर से विधिवत सूचना पन्द्रह दिन पूर्व निर्गत करने का निर्देश दिया। इसके अलावा विभाग ने जिलास्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के वरीय पदाधिकारियों को किसी न किसी पैक्स की आम सभा में भाग लेने को कहा है। आम सभा की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराने के भी निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————————

सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने मधुबनी के रहिका सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक के प्रांगण आयोजित एक कार्यक्रम में सहायता समूहों के बीच ऋण का वितरण किया। साथ ही उन्होंने बैंक के अतिथि भवन का शिलान्यास किया। इसके अलावा डॉक्टर कुमार ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत स्वीकृत लदनियां प्रखंड के डालोखर पैक्स में एक हजार मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

———————————————————————————

पंजाब नेशनल बैंक ने जीविका दीदियों के लिए डेढ़ सौ करोड़ रूपये का ऋण स्वीकृत किया है। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में बैंक द्वारा जीविका दीदियों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

————————————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम परमवीर चक्र विजेता फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने उन्नीस सौ इकहत्तर के भारत—पाक युद्ध में श्रीनगर एयरबेस की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था।

———बाईट———

————————————————————————————

चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश में रूक—रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि भागलपुर, बांका, मुंगेर, लखीसराय, जमुई, वैशाली, गया और नालंदा समेत आस—पास के हिस्सों में आज सुबह हल्की बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के दक्षिण—मध्य, दक्षिण—पूर्व और उत्तर—पश्चिम हिस्सों में कई जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

————————————————————————————

जाने —माने अर्थशास्त्री और नीति विशेषज्ञ प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार ग्रहण कर लिया है। प्रोफेसर चतुर्वेदी ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि उनका उद्देश्य नालंदा की समृद्ध शैक्षणिक विरासत को समकालीन संदर्भों में और प्रभावशाली बनाना है।

————————————————————————————

दरभंगा स्थित एमपी—एमएलए कोर्ट ने मारपीट के छह वर्ष पुराने मामले में अलीनगर से भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही इस मामले में विधायक के एक सहयोगी सुरेश यादव को भी न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। विधायक द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका पर आज फैसला आयेगा। गौरतलब है कि इस मामले में विधायक और उसके सहयोगी को इक्कीस फरवरी को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुये तीन—तीन महीने करावास और पांच—पांच सौ रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई थी।

————————————————————————

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर नाईनटीन क्रिकेट टीम में बिहार के युवा बल्लेबाज चौदह वर्षीय वैभव सूर्यवंशी का चयन हुआ है। चौबीस जून से तेईस जुलाई के बीच होने वाले इंग्लैंड दौरे में भारतीय टीम पांच वनडे और दो बहुदिवसीय मैच खेलेगी। इसके अलावा एक अभ्यास मैच भी होगा।

————————————————————————

पटना में आयोजित रणधीर वर्मा अंडर–नाईनटीन क्रिकेट वनडे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में आज अररिया का मुकाबला पटना से हो रहा है। कल क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अररिया ने सिवान को सात विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

————————————————————————

दिल्ली में द्वारिका सेक्टर तेईस के पास सड़क हादसे में गयाजी निवासी चार लोगों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के निकटतम आश्रित को दो–दो लाख रुपये अनुग्रह राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

————————————————————————

कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के रमेली गांव में एक शौचालय की टंकी की शटरिंग खोलने के दौरान दम घुटने से मकान मालिक और एक मजदूर की मौत हो गयी। वहीं, इस हादसे में चार मजदूरों की हालत बिगड़ गयी, जिनका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

————————————————————————

सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र अन्तर्गत मुरली सिरिसिया गांव में पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन कर भारी मात्रा में निर्मित–अर्द्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरणों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के भवानी बिगहा गांव से एसआईटी ने लोन दिलाने के नाम पर साईबर ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने मुजफ्फरपुर जंक्शन पर कर्मभूमि एक्सप्रेस से बाल श्रम के लिए ले जाये जा रहे नौ बच्चों को मुक्त कराया है। मौके से दो मानव तस्करों की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है–अब मेरी नसों में खून नहीं गरम सिंदूर बह रहा।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य में सवा लाख शिक्षकों का तबादला सत्ताई से।

दैनिक जागरण ने निर्वाचन आयोग के हवाले से लिखा है– चुनावी कार्य से जुड़े कर्मचारियों का इकतीस अगस्त से पहले हो स्थानांतरण।

प्रभात खबर ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को प्रमुखता देते हुये लिखा है–ईडी संविधान का उल्लंघन कर रहा।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के खिलाफ चार्जशीट दाखिल।

आज अखबार की सुर्खी है– बिहार को मिले दो अमृत भारत रेलवे स्टेशन।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव आज मुंगेर के जमालपुर रेल वर्कशॉप की क्षमता वर्धन के लिए वैगन पीरियोडिक ओवरहालिंग का शिलान्यास करेंगे।

02. केन्द्र सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए आवास आवंटन में चार प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की।

03. चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज उत्तर और दक्षिण बिहार में कई जगहों पर आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

04. और, बिहार के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर नाईनटीन क्रिकेट टीम में शामिल।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।